हिंदी माध्यम
HINDI MEDIUM

# एडवांस हिंदी डिप्लोमा परीक्षा – 2026
# ADVANCE HINDI DIPLOMA EXAMINATION – 2026

**प्रश्नपत्र-2 (खंड-क हिंदी गद्य तथा भारतीय संस्कृति)(खंड-ख प्रयोजनमूलक हिंदी)**
**Question Paper–2 (Part-I Hindi Prose and Indian Culture) (Part-II Functional Hindi)**

## पत्राचार पाठ्यक्रम विभाग
## Department of Correspondence Courses
## केंद्रीय हिंदी निदेशालय
## Central Hindi Directorate

| समयः 3 घंटे<br>Time : 3 Hours | प्रश्नपत्र–सह–उत्तरपत्र<br>(Question Paper-Cum Answer Sheet) | पूर्णांक : 100<br>Max. Marks : 100 |
|---|---|---|

नोट : कृपया सभी प्रश्नों को ध्यान से पढ़कर उनके उत्तर हिंदी में लिखें।
Note : Please read all the questions carefully and write down their answers in Hindi.

| परीक्षार्थी इस अंश को भरें<br>To be filled in by the Candidate | कार्यालय उपयोग हेतु<br>For Office Use Only |
|---|---|
| परीक्षा अनुक्रमांक<br>Exam. Roll No.......................... | प्राप्तांक<br>Marks Obtained......................... |
| दाखिला संख्या<br>Admission No............................ | परीक्षक के हस्ताक्षर<br>Sign. of Examiner…..................... |
| परीक्षार्थी का नाम<br>Name of the student ...................<br>........................................ | परीक्षक का नाम व पदनाम<br>Name & Designation of Examiner<br>.......................................... |
| परीक्षा केंद्र<br>Exam. Centre............................. | निरीक्षक के हस्ताक्षर<br>Signature of Invigilator<br>.......................................... |

**पत्र में 50–50 अंकों के दो खंड हैं।**

## खंड–क (हिंदी गद्य एवं भारतीय संस्कृति)

प्रश्न–1. वस्तुनिष्ठ प्रश्न। (½ x10=5)

(1) 'पशु और बालक भी जिनके साथ अधिक रह जाते हैं, उनसे परच जाते हैं''–निबंधकार 'परच जाने' से क्या करना चाहता है?

1. प्रेरित हो जाना
2. परजीवी हो जाना
3. परिचित हो जाना
4. पराजित हो जाना

(2) ''अगणित अवसादों के क्षण हैं
रजनी की सूनी घड़ियों को किन–किन आबाद करूँ''
में कवि के अवसाद का कारण है –

1. पत्नी का निधन
2. असाध्य रोग
3. तंगहाली
4. प्रिय मित्र की मृत्यु

(3) महादेवी अपने इस वाक्य में किस शहर का स्मरण कर रही हैं– ''रियासत होने के कारण यहाँ घोड़ों और सवारों का आधिक्य था।''

1. ग्वालियर
2. भोपाल
3. सूरत
4. उपर्युक्त में से कोई नहीं

(4) ''जीवनी घटनाओं का अंकन नहीं, चिंतन है'' - यह उक्ति है-

1. महावीर प्रसाद द्विवेदी
2. बाबू गुलाब राय
3. गोपाल राय
4. रामवृक्ष बेनीपुरी

(5) 'दिल बैठ जाना' मुहावरे का सही अर्थ है-

1. दिल का दौरा पड़ना
2. दिल की बात छिपाना
3. आकर्षित हो जाना
4. हताश हो जाना

(6) ' Directorate' का हिंदी पर्याय है-

1. मंत्रालय
2. अनाथालय
3. निदेशालय
4. आहरणालय

(7) जीवन का प्रथम संस्कार है-

1. अन्नप्राशन संस्कार
2. मुंडन संस्कार
3. जातकर्म संस्कार
4. नामकरण संस्कार

(8) सांख्य दर्शन के प्रवर्तक हैं -

1. पंतजलि
2. कणाद
3. कपिल
4. जैमिनि

(9) 'मृदा' शब्द का अर्थ है-

1. वाद्य यंत्र
2. खिलौना
3. मिट्टी
4. धरती

| |
|---|
| |
| |
| |
| |

(10) प्रयत्नलाघव का संबंध है-

1. शब्दों की व्युत्पत्ति से
2. शब्दों के उच्चारण से
3. शब्दों के लेखन से
4. शब्दों के निर्वचन से

| |
|---|
| |
| |
| |
| |

प्रश्न-2. अतिलघु उत्तरीय प्रश्न। (एक से दो वाक्यों में उत्तर दीजिए।) (10X1=10)

(1) 'आशीर्वाद' कहानी का वह वाक्य उद्धृत कीजिए जिससे इस कहानी के स्वतंत्रता पूर्व लिखे जाने की पुष्टि होती है।

-----------------------------------------------------------------

-----------------------------------------------------------------

(2) आचार्य रामचंद्र शुक्ल के अनुसार देश-प्रेम का पहला महत्त्वपूर्ण लक्षण क्या है?

-----------------------------------------------------------------

-----------------------------------------------------------------

(3) दुर्गा भाभी के पति की मृत्यु किस प्रकार और कहाँ हुई?

-----------------------------------------------------------------

-----------------------------------------------------------------

(4) महावीर प्रसाद द्विवेदी द्वारा लिखित दो जीवनचरितों का उल्लेख कीजिए।

-------------------------------------------------------------

-------------------------------------------------------------

(5) रिपोर्ताज किसे कहते हैं?

-------------------------------------------------------------

-------------------------------------------------------------

(6) 'तीर पर कैसे रुकूँ मैं,
आज लहरों में निमंत्रण'
पंक्तियों की रचना किसने की है?

-------------------------------------------------------------

-------------------------------------------------------------

(7) 'निक्की, रोजी और रानी' पाठ से महादेवी के व्यक्तित्व के किस पक्ष का परिचय मिलता है?

-------------------------------------------------------------

-------------------------------------------------------------

(8) षड् वेदांगों में से कल्प का प्रतिपाद्य क्या है?

-------------------------------------------------------------

-------------------------------------------------------------

(9) विश्व धर्म संसद का आयोजन किस शहर में हुआ था?

-------------------------------------------------------------

-------------------------------------------------------------

(10) किस अधिकार को मूल अधिकारों की श्रेणी से निकाल कर सामान्य विधिक अधिकार बना दिया गया?

प्रश्न-3. लघु उत्तरीय प्रश्न। (3X5=15)

(1) निबंध किसे कहते हैं? इसके सभी अवयवों का उल्लेख करें।

(2) एकांकी की मूलभूत विशेषता क्या है? दो प्रसिद्ध एकांकीकारों का नामोल्लेख कीजिए।

(3) कविवर हरिवंश राय बच्चन के साक्षात्कार में आपको उनकी कौन-सी बात सर्वाधिक छूती है और क्यों?

(4) भारतीय दर्शन में निष्काम कर्म की अवधारणा क्या है?

(5) वानप्रस्थ आश्रम का संक्षिप्त परिचय दीजिए।

प्रश्न–4. दीर्घ उत्तरीय प्रश्न। (2x10=20)

(1) आचार्य रामचंद्र शुक्ल के निबंध पर आधारित 'देशप्रेम' शीर्षक पाठ का सार–लेखन करते हुए यह स्थापित कीजिए कि देश से प्रेम करने का अर्थ केवल वस्तुओं और संसाधनों से प्रेम करना मात्र नहीं है।

(2) ''महादेवी के रेखाचित्रों में उकेरी गई दुनिया मनुष्य, प्रकृति और जीवजगत विलक्षण तादात्म्य से रची गई है।'' निक्की, रोजी और रानी पाठ के आधार पर इस कथन की विवेचना करें।

-------------------------------------------------------------------

-------------------------------------------------------------------

-------------------------------------------------------------------

-------------------------------------------------------------------

-------------------------------------------------------------------

-------------------------------------------------------------------

-------------------------------------------------------------------

-------------------------------------------------------------------

-------------------------------------------------------------------

-------------------------------------------------------------------

## खंड – ख (प्रयोजनमूलक हिंदी)

प्रश्न–1. निम्नलिखित अंग्रेजी शब्दों के हिंदी पर्याय दीजिए। (5)

(1) Vaccination -------------------

(2) Departure -------------------

(3) Geology -------------------

(4) Branch -------------------

(5) Space -------------------

(6) Petition -------------------

(7) Terrorism -------------------

(8) Constituency -------------------

(9) Transport -------------------

(10) University -------------------

प्रश्न-2. निम्नलिखित हिंदी शब्दों के अंग्रेजी पर्याय लिखिए। (5)

(1) अनुशासन -------------------

(2) आर्द्रता -------------------

(3) प्रावधान -------------------

(4) नियुक्ति -------------------

(5) प्राथमिकता -------------------

(6) दावेदार -------------------

(7) पावती -------------------

(8) अधिनियम -------------------

(9) राजमार्ग -------------------

(10) सत्र -------------------

प्रश्न-3. अति लघुउत्तरीय प्रश्न। (एक से दो वाक्यों में उत्तर दीजिए।) (1X5=5)

(1) स्वत:पूर्ण टिप्पणी किसे कहते हैं?

-------------------------------------------------------------------

-------------------------------------------------------------------

(2) अंतविभागीय टिप्पणी से क्या समझते हैं?

-------------------------------------------------------------------

-------------------------------------------------------------------

(3) तकनीकी शब्दावली की क्या उपयोगिता है?

(4) अनुवाद किसे कहते हैं?

(5) आदेश एवं कार्यालय ज्ञापन में मूल अंतर क्या है?

प्रश्न-4. लघु उत्तरीय प्रश्न। (3 से 4 वाक्यों में उत्तर दीजिए) (3X5=15)

(1) लोक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता की तरफ से जिला कलेक्टर को प्रेषित अद्र्धसरकारी पत्र का मसौदा तैयार कीजिए, जिसमें सड़क मरम्मत कार्य हेतु मार्ग बंद करने के संबंध में सूचना और प्रशासनिक सहयोग माँगा गया हो।

(2) कार्यालय-भवन में लगे वातानुकूलन यंत्रों के वार्षिक देखभाल के ठेके के लिए एक टिप्पण का प्रारूप तैयार कीजिए।

(3) कार्यालयी हिंदी की किन्हीं दो विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

(4) अस्वस्थ होने के कारण कार्यालय से छूट्टी लेने के लिए एक आवेदन–पत्र का मसौदा तैयार कीजिए।

(5) किन्हीं दो पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।

(1) प्रयोजनमूलक हिंदी के समक्ष चुनौतियाँ।

(2) पत्र-लेखन के बुनियादी तत्त्व।

(3) पावती की उपयोगिता।

प्रश्न–5. दीर्घोत्तरीय प्रश्न (आठ से दस वाक्यों में उत्तर दीजिए) (10X2=20)

(1) ''कार्यालयी हिंदी 21वीं सदी की जरूरतों के अनुसार ढाली जा रही है।'' इस कथन की सोदाहरण विवेचना कीजिए।

(2) आवतियों की जाँच, प्रस्तुतीकरण एवं डायरी लेखन की पूरी प्रक्रिया समझाइए।

****